कार्यालय,रजिस्ट्रार,उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल,लखनऊ

पत्र सं0– 4220/24 दिनांक– 30.05.24

अति आवयश्क सूचना

उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा विदेशों से उत्तीर्ण FMG अभ्यर्थियो को अवगत कराना है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0, लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा विदेशों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की (4th Round- Counselling /Internship/Provisional Registration) के लिए (Online Portal) जून माह मे खोला जाना प्रस्तावित है।

यूक्रेन से उत्तीर्ण FMG अभ्यर्थी जिनको जून–2022 मे डिप्लोमा प्राप्त हुआ है एवं जिनका अंतिम वर्ष (Online) रहा है उन अभ्यर्थियों को (2nd Year) इन्टर्नशिप आवंटित मेडिकल कालेजों मे ही जारी रखनी होगी जिसकी सूचना कार्यालय के पत्र संख्या–**2368 / 24 दिनांक–05 / 04 / 2024** द्वारा समस्त मेडिकल कालजों को भेजी जा चुकी है।

विदेश के अन्य राज्यों से उत्तीर्ण FMG अभ्यर्थी जिन्होने 1–वर्ष की इन्टर्नशिप उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा आवंटित मेडिकल कालेजों से पूर्ण कर ली है और यदि वो (2nd Year) इन्टर्नशिप के लिए आवेदन करना चाहते है तो उनके लिए भी (Online Portal) जून माह मे खोला जाना प्रस्तावित है।

अतः उक्त के क्रम विदेशों से उत्तीर्ण FMG अभ्यर्थियो की (4th Round-Counselling /Internship/Provisional Registration) एवं विदेश के अन्य राज्यों से उत्तीर्ण FMG अभ्यर्थी जिन्होने 1–वर्ष की इन्टर्नशिप उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल द्वारा आवंटित मेडिकल कालेजों से पूर्ण कर ली है, और (2nd Year) इन्टर्नशिप करना चाहते है, उनके लिए (Online Portal) आवेदन एवं शुल्क आदि के लिए **3 जून–2024 से 30 जून –2024** तक खुला रहेगा, तत्पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन मान्य नही होगा।

यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश आवेदन शुल्क आनलाइन जमा नही कर पाता है तो दिनांक **1 जुलाई–2024 से 6 जुलाई–2024** तक आवेदन शुल्क आनलाइन जमा कर सकते है। तत्पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन/ आवेदन शुल्क मान्य नही होगा।

रजिस्ट्रार
उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल